हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 11 अप्रैल 2026

06 किसान डूबी फसल का मुआवजा लेने के बाद कर...



07 पांचवी सीढ़ी पर कदम रखने से पहले पहली दूसरी...





## खबर संक्षेप

### ज्योतिबाफुले की 199वीं जयंती पर आयोजन आज

**विदिशा।** शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 199वीं जयंती के अवसर पर आज सुबह 11 बजे गल्ला मंडी रोड स्थित बंधन मैरिज गार्डन में अखिल भारतीय महात्मा फुले समता परिषद द्वारा कार्यक्रम किया जाएगा। जिसमें समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। पुष्पांजलि, विचार गोष्ठी एवं सामाजिक समरसता पर वक्तव्य होंगे।

### अप्रैल माह में 8 दिन मंडी अवकाश घोषित

**विदिशा।** अप्रैल माह में विभिन्न अवकाशों के चलते मंडी में नीलामी कार्य कुल 8 दिन बंद रहेगा। आज 11 अप्रैल को द्वितीय शनिवार एवं 12 अप्रैल को रविवार होने से बैंक अवकाश रहेगा। 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, 17 अप्रैल को अमावस्या, 19 अप्रैल को रविवार तथा 20 अप्रैल को परशुराम जयंती के कारण नीलामी नहीं होगी। इसके अतिरिक्त 25 अप्रैल को चौथा शनिवार एवं 26 अप्रैल को रविवार होने से भी कार्य बंद रहेगा।

### रोजगार, स्वरोजगार मेला 13 को लगेगा

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार 13 अप्रैल की सुबह 11 बजे से शासकीय आईटीआई विदिशा में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में प्रदेश स्तर की प्रतिष्ठित कंपनी एवं अन्य प्रतिष्ठान भी भाग ले रहे हैं। इस रोजगार मेले में भाग लेने इच्छुक युवक-युवतियां शासकीय आईटीआई में सुबह 11 बजे उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठा सकते हैं।

### ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के लिए पंजीयन शुरू

**विदिशा।** आईटीआई द्वारा विद्यार्थियों के कौशल विकास को बढ़ावा देने हेतु 21 अप्रैल से 23 मई तक ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में बेसिक कंप्यूटर, डोमेस्टिक वेल्डर एवं बेसिक ऑटोमोबाइल रिपेयर जैसे अल्पकालीन पाठ्यक्रम संचालित होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी संस्था में उपस्थित होकर पंजीयन फॉर्म भर सकते हैं। पंजीयन शुल्क 600 रुपए निर्धारित है। आवश्यक दस्तावेजों में शैक्षणिक प्रमाणपत्र, आधार कार्ड की प्रति, पासपोर्ट फोटो एवं मोबाइल नंबर शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए 07592-299342 पर संपर्क किया जा सकता है।

### रक्तदान शिविर में 15 यूनिट ब्लड एकत्रित

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई विदिशा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह कैम्प जिला अस्पताल द्वारा लगाया गया था। इस कैम्प में आईटीआई के छात्रों एवं स्टाफ के द्वारा रक्तदान में हिस्सा लिया गया। प्रारंभिक जांच के बाद कुल 15 यूनिट रक्त का दान किया गया है। इस शिविर के सफल आयोजन के बाद ब्लड सेंटर अधिकारी द्वारा शासकीय आईटीआई का आभार व्यक्त किया गया एवं आगामी समय में जिले की अन्य आईटीआई में भी शिविर लगाने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई।

### सहायक व्यक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**विदिशा।** लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम 2012 (पॉक्सो एक्ट) की धारा 39 के तहत जिले में सहायक व्यक्तियों (सपोर्ट पर्सन) का इम्पैनलमेंट किया जाएगा। ये सहायक यौन उत्पीड़न पीड़ित बच्चों को बयान, परामर्श, न्यायालयीन सहायता एवं शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करेंगे। पात्रता में सामाजिक कार्य, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान या बाल विकास में स्नातकोत्तर अथवा संबंधित क्षेत्र में तीन वर्ष अनुभव सहित स्नातक शामिल है। प्रति प्रकरण प्रतिदिन 500 रुपए मानदेय मिलेगा। आवेदन 15 दिवस में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जमा किए जा सकते हैं।

---

### संप्रेक्षण गृह से दो बालिकाओं के भागने की घटना के बाद कलेक्टर सख्त

## हाउस मास्टर, चौकीदार व ड्यूटी पर तैनात आरक्षक की सेवा समाप्त करने के निर्देश

**बाल भिक्षावृत्ति रोकने विशेष कार्ययोजना, लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश।**



**विदिशा।** कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विगत दिनों बाल संप्रेक्षण गृह से दो बालिकाओं के भागने के बाद लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। साथ ही डयूटी पर तैनात एक आरक्षक पर भी गाज गिर गई। शुक्रवार को कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में बेतवा सभाकक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न बाल संरक्षण संस्थाओं की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर गुप्ता ने जिले में बाल भिक्षावृत्ति की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विशेष कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने विदिशा शहर के हॉटस्पॉट क्षेत्रों का चिन्हांकन कर भिक्षावृत्ति में संलिप्त बच्चों को शिक्षा से जोड़ने तथा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से संबंधित परिवारों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जतरापुरा क्षेत्र में अधिक संख्या में ऐसे बच्चे पाए जाने पर उनके स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित करने एवं शिक्षा विभाग द्वारा सतत निगरानी रखने को कहा गया। साथ ही संबंधित क्षेत्रों में सड़क, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। संप्रेक्षण गृह से हाल ही में दो बालिकाओं के भागने की घटना को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने, नियमित निगरानी बढ़ाने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। इस मामले में ड्यूटी के दौरान उपस्थित हाउस मास्टर, चौकीदार और पुलिस आरक्षक की सेवा समाप्त करने के निर्देश भी दिए गए।

#### रेस्क्यू एवं पुनर्वास पर जोर देने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि भिक्षावृत्ति करते पाए जाने वाले बच्चों का रेस्क्यू कर उन्हें छात्रावास में रखा जाए। उन्होंने बाल कल्याण समिति में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण और दत्तक ग्रहण (एडॉप्शन) हेतु पात्र बच्चों के मामलों में समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए। बैठक में किशोर न्याय बोर्ड, बाल कल्याण समिति, शिशु गृह, संप्रेक्षण गृह, वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड लाइन सहित समिति अंतर्गत संचालित संस्थाओं की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांसवा द्वारा बाल संरक्षण से संबंधित योजनाओं एवं स्पॉन्सरशिप योजना की जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में एसपी, संबंधित विभागों के अधिकारी, समिति के अध्यक्ष एवं सदस्य सहित स्वास्थ्य, शिक्षा, आरपीएफ एवं एसजेपीयू के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

## कलेक्टर के निर्देश पर श्रम विभाग ने 22 प्रकरणों में 12 लाख से अधिक वेतन दिलाया

**46 श्रमिकों के लंबित वेतन के मामलों में कुल 10 लाख 93 हजार 700 रुपए की राशि के 11 दावा प्रकरण श्रम न्यायालय भोपाल में प्रस्तुत किए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिले में अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक आयोजित जनसुनवाई के दौरान श्रमिकों से संबंधित शिकायतों पर प्रशासन ने महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में श्रम विभाग द्वारा वेतन न मिलने एवं कम वेतन भुगतान से जुड़ी कुल 22 शिकायतों का निराकरण किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक प्रकरण में संबंधित श्रमिक को 1 लाख 89 हजार 15 रुपए का बकाया वेतन दिलाया गया।

इसके अलावा 11 शिकायतों में 46 श्रमिकों के लंबित वेतन के मामलों को गंभीरता से लेते हुए कुल 10 लाख 93 हजार 700 रुपए की राशि के 11 दावा प्रकरण तैयार कर श्रम न्यायालय, भोपाल में प्रस्तुत किए गए हैं।

कलेक्टर गुप्ता के मार्गदर्शन में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा को प्राथमिकता दी जा रही है। जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है, जिससे श्रमिकों को समय पर न्याय मिल सके। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि भविष्य में भी श्रम कानूनों के उल्लंघन पर सख्ती बरती जाएगी तथा नियोजकों को नियमों के पालन के निर्देश दिए गए हैं। श्रमिकों से अधिकारों के प्रति सजग रहने और समस्या होने पर शिकायत दर्ज कराने अपील की है।

---

### अवैध उत्खनन मामले में सख्त कार्रवाई

## 15.37 लाख रु. की वसूली के लिए मशीनरी राजसात, होगी नीलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कुरवाई तहसील अंतर्गत अवैध खनन के एक प्रकरण में पर कार्रवाई के आदेश जारी कर दिए हैं।

18 दिसम्बर 2019 को ग्राम विशनपुर तहसील कुरवाई में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की टीम द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी। इस दौरान एक पोकलेन मशीन, एक नाव (पनडुब्बी), एक डंपर तथा अवैध रूप से उत्खनित रेत को जब्त किया गया था। कार्रवाई के बाद सारिका पत्नि रघुराज द्विवेदी निवासी बीना पर 15 लाख 37 हजार 500 रुपए का अर्थदंड लगाया गया, लेकिन संबंधित द्वारा राशि जमा नहीं की गई। कलेक्टर अंशुल गुप्ता द्वारा प्रकरण में गंभीरता से संज्ञान लेते हुए अर्थदंड की वसूली के लिए जब्त सामग्री एक पोकलेन, एक नाव एवं एक डंपर को राजसात करने का आदेश पारित किया है।

साथ ही उपखंड अधिकारी कुरवाई एवं जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि 7 दिवस के भीतर उक्त जब्त वाहनों एवं मशीनरी की विधिवत नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर बकाया अर्थदंड राशि की वसूली की जाए।

---

## नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता व टीईटी निरस्तीकरण की मांग

### संयुक्त मोर्चा ने विधायक टंडन को सौंपा ज्ञापन


**विदिशा।** शिक्षक संगठनों ने विधायक को ज्ञापन देकर रखी अपनी बात।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा अपनी दो प्रमुख मांगों को लेकर विधायक मुकेश टंडन को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाल करने एवं टीईटी परीक्षा को निरस्त करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।

शिक्षकों ने बताया कि उनकी मूल नियुक्ति वर्ष 1998 में हुई थी, किंतु विभागीय पोर्टल पर नियुक्ति वर्ष 2018 अंकित कर दी गई है। इस त्रुटि के कारण उन्हें वरिष्ठता, वेतनमान तथा अन्य सेवा लाभों से वंचित होना पड़ रहा है। साथ ही टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता से शिक्षकों में निराशा और भविष्य को लेकर चिंता व्याप्त है। उनका कहना है कि वर्षों की सेवा के बाद पुनः परीक्षा की बाध्यता न्यायसंगत नहीं है। विधायक श्री टंडन ने शिक्षकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि वे इस विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष रखेंगे। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी एवं अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

### 2 नाबालिग को पुलिस ने भोपाल से बरामद किया

**विदिशा।** 5 मार्च और एवं 21 मार्च को गुम हुईं 14 एवं 17 वर्षीय दो नाबालिग बालिकाओं को करारिया पुलिस ने खोज निकाला। 8 अप्रैल को दोनों बालिकाओं को भोपाल से सकुशल बरामद किया गया। बालिकाओं को बहला फुसलाकर ले जाने वाले अरुण अहिरवार (26), भूरा अहिरवार (29), रंजीत अहिरवार (25) तथा रोहित बंजारा (19) को गिरफ्तार किया गया। बालिकाओं को परिजनों के सुपुर्द कर आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

---

## औचक निरीक्षण में 3 स्कूल बंद, पूरे स्टाफ का वेतन काटा, कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बीईओ चन्द्रकांत त्यागी एवं उनके दल ने शुक्रवार को कई प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक स्कूलों का औचक निरीक्षण किया जिसमें लापरवाही सामने आई है।

निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं, जिनमें कुछ विद्यालय पूरी तरह बंद पाए गए तो कहीं छात्र उपस्थिति शून्य रही। निरीक्षण में हायर सेकेंडरी स्कूल हांसुआ, मिडिल स्कूल हांसुआ एवं प्राथमिक शाला कछवा बंद पाए गए। न तो शिक्षक न ही भृत्य उपस्थित थे।

न ही परिसर या आसपास कोई छात्र-छात्राएं दिखाई दिए। ग्रामीणों ने हांसुआ विद्यालय के प्राचार्य के कार्य व्यवहार पर नाराजगी जताई। प्राथमिक शाला रुसल्ला में दोनों शिक्षक उपस्थित मिले, लेकिन छात्र संख्या शून्य रही। हाई स्कूल कराखेड़ी में माध्यमिक शिक्षक कल्पना धाकड़ अनुपस्थित थीं। प्राथमिक शाला धतुरिया में दोनों शिक्षकों द्वारा उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर नहीं किए जाने की लापरवाही सामने आई। निरीक्षण में बंद पाई गई तीनों शालाओं के संपूर्ण स्टाफ का 10 अप्रैल का वेतन काटते हुए संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

### सूखे कुएं में मिली नवजात बच्ची, डायल 112 ने बचाई जान

**विदिशा।** थाना कुरवाई क्षेत्र के परसरी गांव में शुक्रवार सुबह एक सूखे कुएं में परित्यक्त अवस्था में नवजात बच्ची मिली। अज्ञात व्यक्ति द्वारा बच्ची को कुएं में छोड़कर चले जाने की सूचना सुबह 9 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही कुरवाई थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल मौके पर भेजा गया तथा वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। आरक्षक नेतराम अहिरवार और पायलट नरेंद्र दांगी ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। उसे शासकीय चिकित्सालय कुरवाई में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। वर्तमान में चाइल्ड वार्ड में उपचार जारी है। मामले की अग्रिम कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है।

---

## एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारियों की हड़ताल पांचवें दिन भी लगातार जारी

### जनप्रतिनिधियों ने कर्मचारियों को शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा




एसएटीआई पॉलिटेक्निक कर्मचारियों की हड़ताल शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रही।

सात माह से वेतन नहीं मिलने से आक्रोशित कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा नेता मनोज कटारे से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया। श्री कटारे ने मुख्यमंत्री एवं अन्य जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर समाधान का आश्वासन दिया। कर्मचारियों ने विदिशा एसडीएम क्षितिज शर्मा से भी मुलाकात कर वेतन न मिलने की स्थिति बताई। एसडीएम ने प्रबंधन द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। दोपहर 3:30 बजे जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी धरना स्थल पहुंचीं। उन्होंने सात माह से वेतन न मिलने को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए सभी संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया।

### विश्वनाथ हत्याकांड में 6 को आजीवन कारावास

**कुरवाई।** अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने ग्राम जाजपोन थाना पठारी के बहुचर्चित विश्वनाथ यादव हत्याकांड में 6 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषी ठहराए गए आरोपियों में राजा बाबू दांगी, लीलाधर दांगी, कुंवर सिंह दांगी, रविंद्र दांगी, नारायण सिंह दांगी एवं प्रेम सिंह पटेल शामिल हैं। न्यायालय ने सभी को दोषी पाते हुए यह फैसला सुनाया। 15 अप्रैल 2020 को आरोपियों ने एक राय होकर विशवनाथ यादव पर लाठी, लोहे की रॉड और पत्थरों से हमला किया। गंभीर रूप से घायल विश्वनाथ को सागर अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया था।

---

### पुलिस पंचायत में समझाइश से सुलझ रहे पारिवारिक विवाद

## अनुकंपा नौकरी लेने वाला बेटा सीनियर सिटीजन के आवेदन पर सुधरा 92 वर्षीय बुजुर्ग की गुहार पर 8 लाख का कर्ज चुकाने को तैयार हुए बेटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- ऐसे ऐसे मामले उजागर हो रहे जो परिवार से बाहर नहीं आते।

एडिशनल एसपी द्वारा शुरू की गई पुलिस पंचायत के बहुत ही सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। कई ऐसे पारिवारिक प्रकरण सुलझ रहे हैं जिसको लेकर पूरा परिवार बिखरा हुआ था।

पुलिस पंचायत में सुनवाई के दौरान ग्रामीण क्षेत्र के 92 वर्षीय बुजुर्ग ने एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे को बताया कि उन्होंने अपनी 150 एकड़ जमीन में से 50-50 एकड़ दोनों बेटों को दे दी, जबकि शेष में से 25-25 एकड़ स्वयं और पत्नी के नाम रखी। इसके बावजूद बेटे उनकी जमीन पर दावा कर रहे थे और 8 लाख रुपए का कर्ज चुकाने में सहयोग नहीं कर रहे थे। पंचायत की समझाइश के बाद दोनों बेटे कर्ज चुकाने और माता-पिता की जिम्मेदारी निभाने पर सहमत हुए।

#### अनुकंपा नियुक्ति के दायित्व की याद

एक बुजुर्ग महिला ने शिकायत की कि पति की शासकीय सेवा के दौरान मृत्यु के बाद बेटे को अनुकंपा नियुक्ति मिली थी, लेकिन नौकरी मिलने के बाद उसने परिवार की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया। पुलिस पंचायत ने स्पष्ट किया कि अनुकंपा नियुक्ति परिवार के भरण-पोषण के उद्देश्य से दी जाती है। समझाइश के बाद बेटे ने मां की देखभाल का आश्वासन दिया।



#### पहले ही सुधरा बेटा

एक वरिष्ठ नागरिक ने मानसिक प्रताड़ना की शिकायत की थी, लेकिन पंचायत के संज्ञान में आते ही पुत्र का व्यवहार सुधर गया। आवेदक ने संतोष जताते हुए भविष्य में सहायता हेतु संपर्क बनाए रखने की बात कही।

#### मकान बेचने से रोका

एक प्रकरण में कर्ज और पारिवारिक विवाद के चलते मकान बेचने की बात थी। समझाइश देकर परिवार को साथ रहकर कर्ज निपटाने की सलाह दी। अगली सुनवाई में मामला रखा गया।

---

## सागौन तस्करी रोकने गई टीम पर हमला, कार्यवाहक वनपाल घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

- भागते समय जान से मारने की धमकी भी दे गए आरोपी।

उत्तर लटेरी वन परिक्षेत्र में अवैध सागौन लकड़ी के परिवहन को रोकने गई वन विभाग की गश्ती टीम पर माफिया तत्वों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है।

इस हमले में कार्यवाहक वनपाल मनोज कुमार मिश्र घायल हो गए। घटना 9 अप्रैल को महावन बीट के ग्राम चामराकोण्डल के पास हुई। कार्यवाहक वनपाल मनोज कुमार मिश्र और बीट गार्ड नियमित गश्त पर थे। इसी दौरान उन्होंने चार मोटरसाइकिलों पर अवैध सागौन लकड़ी ले जाते कुछ लोगों को देखा। जब टीम ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो आरोपियों ने वनकर्मियों को घेरकर हमला कर दिया। सूचना पर अतिरिक्त स्टाफ मौके पर पहुंचा, लेकिन तब तक आरोपियों ने वन अमले और शासकीय वाहनों पर पथराव शुरू कर दिया। इस हमले में मनोज कुमार मिश्र की पसली में चोट आई।

भागते समय आरोपियों ने वनकर्मियों को जान से मारने की धमकी भी दी। वन विभाग ने रायपुरा निवासी मुकेश, मनोहर, नीलेश, दिनेश, विशाल तथा ताजपुरा निवासी विष्णु की पहचान की है। वन परिक्षेत्र अधिकारी की शिकायत पर लटेरी थाने में बीएनएस 2023 की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-5840
सरसों
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7195
चना
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-5595
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-8350
शरबती
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4422
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-2935
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2103
उच्चतम भाव-2280
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3200
अलसी
न्यूनतम भाव-7130
उच्चतम भाव-7390
धनिया
न्यूनतम भाव-8850
उच्चतम भाव-13900
धान
न्यूनतम भाव-3210
उच्चतम भाव-4451
बटरी
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-4400
मटर
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-3870
उड़द
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-3100

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 44893 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# कम भाव और नीलामी न होने से नाराज किसानों ने किया चक्काजाम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को दोपहर के समय नवीन कृषि उपज मंडी के सामने मुख्य मार्ग पर किसानों ने चक्का जाम कर दिया। किसान पिछले पांच दिनों से अपनी गेहूं की फसल बेचने के लिए मंडी में खड़े थे, लेकिन नीलामी न होने से नाराज होकर उन्होंने यह कदम उठाया। किसानों के अनुसार, शुक्रवार को दोपहर एक बजे तक व्यापारियों ने नीलामी की, जिसके बाद नीलामी को रोक दिया गया। उस समय भी 300 से अधिक ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर किसान अपनी फसल बेचने का इंतजार कर रहे थे। किसानों ने बताया कि समय पर नीलामी न होने के कारण उन्हें मंडी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि शनिवार और रविवार को अवकाश होने के कारण किसानों को दो दिन और मंडी में रुकना पड़ेगा, जबकि व्यापारी चाहते तो शुक्रवार को ही नीलामी पूरी कर सकते थे। चक्काजाम की सूचना मिलने पर एसडीएम अनुभा जैन ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की बात सुनी और मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

किसानों ने आरोप लगाया कि किसानों को मंडी में सही भाव भी नहीं मिल रहे हैं। किसानों की मांग है कि उनकी ट्रॉलियों की नीलामी कराई जाए। किसानों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती तो वे चक्काजाम जारी रखेंगे। किसानों का कहना है कि मंडी में सही भाव न मिलने और समय पर नीलामी न होने के कारण उन्हें अपनी उपज बेचने के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। व्यापारी मनमानी तरीके से नीलामी समय से पहले बंद कर देते हैं, जिसके विरोध में उन्होंने यह प्रदर्शन किया है। इस दौरान सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

## गेहूं खरीदी केंद्रों का हुआ शुभारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार से प्राथमिक सहकारी समिति ग्राम गमाखर में गेहूं, चना खरीदी का शुभारंभ हो गया। इस दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

तौल कांटे की पूजन कर किसानों का फूल, मालाओं से सम्मान किया गया। वहीं शुक्रवार से ही तहसील अंतर्गत आने वाली सेवा सहकारी समिति मर्यादित ककरावदा के त्योंदा रोड जीवाजीपुर स्थित शाकुंतलम वेयरहाउस पर गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ हुआ।

वरिष्ठ भाजपा नेता मनोज यादव, जनपद सदस्य अमृतांशु यादव, सहकारी बैंक सुपरवाइजर सुरेन्द्र बहादुर चौहान, समिति प्रबंधक राजेश यादव, रामसेवक विश्वकर्मा, धर्मेन्द्र यादव ने तौल कांटे की पूजन अर्चन कर किसानों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इसमें कदीर भाई, गजानंद भार्गव, रोहित चौबे आदि लोग मौजूद थे।

## विभाग ने दिया आश्वासन, अगले साल से नहीं होगी बोवनी

# किसान डूबी फसल का मुआवजा लेने के बाद कर रहे खेती, तालाब खाली





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर से लगभ 30 किलोमीटर दूर त्योंदा में किसानों को सिंचाई के लिए गांव खाली कराकर एवं डूब क्षेत्र में आ रही जमीन का मुआवजा देकर कई हेक्टर में शासन द्वारा तालाब बनाया गया था। जिसके बाद किसानों को लगातार सिंचाई के लिए नहर के माध्यम से पानी भी उपलब्ध कराया जा रहा है, लेकिन सिंचाई के बाद तालाब में डूबी हुई जमीन पानी कम हो जाने से निकल आती है। जिन किसानों की जमीन डूब चुकी थी, वह उसी जमीन पर गर्मी के मौसम में बोने वाली फसलें जैसे मूंग, सोयाबीन इत्यादि फसलों की बोवनी करते हैं। इसके बाद किसान सिंचाई विभाग के माध्यम से रसीद काटकर वहां फसलों की पैदाबार ले रहे हैं। किसानों द्वारा लगातार फसलें बोने एवं सिंचाई करने से अब धीरे-धीरे पानी सूखने लगा है एवं क्षेत्र का जलस्तर भी गिर रहा है। जिससे जंगली जानवर सहित आसपास के पालतू मवेशी भी पेयजल संकट के चलते अपनी प्यास नहीं बुझा पाएंगे। पहले तालाब में कुछ किसान ग्रीष्म कालीन फसलें बोते थे, लेकिन अब किसानों की संख्या काफी बढ़ गई है और तालाब में जल संकट गहराने लगा है। इस मामले में सिंचाई विभाग के एसडीओ ग्याप्रसाद ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है लेकिन किसानों द्वारा रसीद कटवा कर खेती की जा रही है। कुछ ग्रामीणों ने शिकायत करके भी बताया है कि यदि इसी तरह खेती होती रही तो आगामी समय में पूरा तालाब सूख जाएगा। जिससे मवेशी प्यासे रह जाएंगे। इस संबंध में उन्होंने यह भी बताया है कि हो सकता है अगले साल से किसानों के लिए पूर्ण रूप से फसल उगाने पर मनाही हो जाए। जल स्तर कम होने और जलसंकट बढने के मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर फसल बोवनी पर प्रतिबंध लगवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। जिससे कि तालाब में वर्ष भर पानी बना रहे तथा आसपास विचरण करने वाले जंगली जानवर एवं पालतू मवेशी प्यासे न रहें।

## आदिवासी परिवारों को वनाधिकार पट्टे दिलाने कांग्रेस जनों ने की मांग



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को ग्राम नहारिया, पधार, खजूरी सहित अन्य आदिवासी क्षेत्र के गांवों के आदिवासी परिवारों ने पूर्व विधायक निशंक जैन के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर धरना दिया और एसडीएम अनुभा जैन को अपनी व्यथा सुनाई। आदिवासी परिवारों का कहना था कि उदयपुर क्षेत्र में बडी संख्या में सहरिया आदिवासी परिवार रहते हैं, जो लंबे समय से वन भूमि में खेती करते आ रहे हैं। पूर्व में कांग्रेस सरकार में कई आदिवासी परिवारों को वनाधिकार पट्टे दिए गए थे, लेकिन इसके बावजूद कई आदिवासी परिवार पट्टे से वंचित रह गए। हांलाकि ये परिवार तभी से ही वन भूमि पर खेती करते आ रहे हैं। अब हाल ही में वन विभाग और राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त सर्वे किया जा रहा है। जिसमें सर्वे दल द्वारा आदिवासी परिवारों की पट्टा भूमि सहित गैर पट्टा भूमि में भी तार फेंसिंग की जा रही है। ग्राम नहारिया के पप्पू सहरिया, टीकाराम, गुड्डा सहरिया, गप्पू लाल, खेमचंद, रामदयाल आदि का कहना है कि कई परिवारों के पास पट्टा भूमि के दस्तावेज, ऋण पुस्तिका है और शेष के पास कब्जा धारी के रूप में रेंज की किताब और आवश्यक दस्तावेज हैं। इसके बावजूद उनकी भूमि से उन्हें बेदखल कर तार फेंसिंग की जा रही है। पूर्व में भी ऐसे परिवारों ने प्रशासन को आवेदन दिया था, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि फेंसिंग के कारण उनके घरों के आसपास आवाजाही में भी दिक्कतें बढ़ गई हैं। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि उनके पास 1985 के भूमि पट्टे मौजूद हैं, इसके बावजूद उन्हें बेदखल किया जा रहा है, जो गलत है। पूर्व विधायक निशंक कुमार जैन ने एसडीएम अनुभा जैन से मांग की कि सर्वे कार्य रूकवाते हुए पीडित आदिवासी परिवारों की सूची बनाई जाए और उनके दस्तावेज जांच करने एवं पात्र परिवारों को वनाधिकार पट्टे देने के बाद ही सर्वे एवं फेंसिंग की कार्रवाई की जाए। इस पर एसडीएम अनुभा जैन ने भी सर्वे कार्य को रूकवाने के साथ ही नियमानुसार जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर बीडी शर्मा, रवि यादव, मंजू कुशवाह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता और आदिवासी परिवार मौजूद रहे।


## खबर संक्षेप

### सायबर सेल टीम ने की कार्रवाई



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नगर के सुभाष निकेतन वाली गली में भोपाल से आई सायबर सेल की टीम ने एक घर में कार्रवाई की। भोपाल से आई साइबर सेल टीआई सपना पांडे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुभाष निकेतन गली में एक घर में दबिश दी। मकान मालिक ने इस घर को किराए पर दे रखा है। किराए पर घर लेने वाले एक युवक चार युवतियों के साथ मिलकर इस घर से ऑनलाइन धोखाधडी का रैकेट चला रहा था। जिसे आज साइबर सेल ने पकड लिया। दिन भर युवक युवतियों से ऑनलाइन ठगी और उनके सरगना के बारे में पूछताछ की जाती रही। शाम को टीम उन्हें गिरफ्तार कर सिटी थाना लेकर पहुंची। इस दौरान एसडीओपी शिखा भलावी सहित स्थानीय पुलिस मौजूद रही।

## नरवाई में आग लगाने से नहीं मान रहे किसान ....



### क्षेत्र में लगातार जलाई जा रही है नरवाई

**गंजबासौदा।** शासन द्वारा किसानों को खेतों में खड़ी नरबाई में आग लगाने पर सख्त कार्रवाई भी की जा रही है, जिससे किसान खेतों में खड़ी नरबाई में आग न लगाऐं। नरबाई में आग लगाने से मिट्टी की उर्वरक क्षमता तो कम होती ही है साथ ही खेतों में रहने वाले जीवजंतु जलकर नष्ट हो जाते हैं एवं नरबाई से बनने वाला भूसा भी नष्ट हो जाता है। इसे रोकने के लिए जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं तथा अपील की जा रही है कि इस नरबाई का भूसा बनवाकर गौशालाओं को उपलब्ध कराया जाए,लेकिन इसके बावजूद किसान आग लगाने से मान नहीं रहे हैं। बीती रात भी घटेरा के पास एक किसान स्वयं खेत में खड़ी नरबाई में आग लगाते नजर आ रहा है।

छाया: राजा छारी

## विधायक ने की अधिक से अधिक संख्या में किसानों से रायसेन मेला में पहुंचने की अपील

# दुनिया की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी का आधार हैं कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

यह गर्व की बात है कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। जिसका आधार कार्यकर्ता है। जिसका मूल मंत्र सत्ता का संचालन नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है। भाजपा के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। भाजपा का मुख्य उद्देश्य नव राष्ट्र निर्माण करना है। भाजपा की विचारधारा समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को उसके अधिकार, न्याय और सरकार की नीतियों का लाभ दिलाना है। नारी सशक्तिकरण से आदर्श और सभ्य समाज निर्माण करना है। भाजपा का भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कार और मूल इतिहास की रक्षा करना प्रथम कर्तव्य है। भाजपा हमेशा ही परिवारवाद, क्षेत्रवाद, वंशवाद, जातिवाद और अवसरवाद से दूर रहकर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास सिद्धांत पर कार्य करती है। जिससे भाजपा को निरंतर लोकप्रियता और जनमत को हासिल करने में सफलता प्राप्त हो रही है। हम सभी को भाजपा के 47 वें स्थापना दिवस पर 2047 तक भारत को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का दृढ़ संकल्प लेना होगा। उसमें हम सभी को समान रूप से सहभागिता निभानी होगी। तभी हमारी पार्टी के वास्तविक उद्देश्य की पूर्ति होगी। यह बात विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने ग्राम गमाखर में भाजपा के 47 वें स्थापना दिवस के अवसर पर 7 से 12 अप्रैल तक चलने वाले गांव बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कही। जिसमें विधायक ने नगर के वार्डों में पहुंचकर हितग्राहियों से सीधा संवाद स्थापित किया। इसी दौरान वरिष्ठ एवं प्रवृद्धजनों से संपर्क और मार्गदर्शन ग्रहण कर सम्मान किया। नगर के गांधी चौक स्थित राम जानकी मंदिर और महात्मा गांधी प्रतिमा के आस पास स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ-सफाई की। भाजपा के स्थापना दिवस को पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत विधायक विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव वार्ड वार्ड पहुंच रहे हैं। जहां लोगों से सीधा संवाद कर लोगों की समस्याओं और सरकार की उपलब्धियां को लेकर चर्चा कर रहे हैं। जिसमें विधायक प्रदेश और केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दे रहे हैं। इस दौरान नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी दौरान बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। साथ ही ग्राम एवं बस्ती स्तर पर जाकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का चित्र लगाकर माल्यार्पण किया जाएगा तथा अनुसूचित जाति के बंधुओं एवं बहनों के बीच विशेष संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय जिला रायसेन में आयोजित होने वाले कृषि मेला को किसानों के लिए गेम चेंजर करार दिया है। जिन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान रायसेन के दशहरा मैदान में तीन दिवसीय ऐतिहासिक मेला का आयोजन कर रहे हैं। जिसमें किसानों को आधुनिक, उन्नत और खेती को लाभ का धंधा बनाने का निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा। जिसमें बीज, खाद और फसल पैदा करने का आधुनिक तरीका बताया जाएगा। वही आधुनिक तकनीक ड्रोन से बीज, दवा छिड़काव का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। इसी दौरान केंद्र एवं प्रदेश की विभिन्न कृषक हितेषी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ भी दिया जाएगा। विधायक ने ग्रामीणों से अपील करते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

## सब जेल में हुआ ओपन जिम का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को सब जेल परिसर में स्थापित ओपन जिम का लोकार्पण महानिदेशक जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं वरुण कपूर आईपीएस द्वारा वर्चुअल किया गया। ज्ञात हो कि कुछ माह पूर्व जेल निरिक्षण के समय जेल स्टॉफ द्वारा ओपन जिम का महानिदेशक से निवेदन किया गया था। उनके द्वारा मध्य प्रदेश की 7 सब जेलों के लिए ओपन जिम स्वीकृत की गई हैं जिसमें प्रत्येक जेल के लिए 267250 रूपए की राशि जेल कल्याण कोष से प्रदाय की गई। इस राशि से 7 उपकरण ,तार फैंसिंग ,पेवर्स ब्लॉक आदि लगवाए गए। लोकार्पण के अवसर पर आलोक कुमार भार्गव जेलर, डॉ प्रमेन्द्र तिवारी बीएमओ एवं जेल चिकित्सक ,मोंटू, रामराज, नरेश आदि स्टॉफ और उनका परिवार उपस्थित रहा। सब जेल में पदस्थ सहायक जेल अधीक्षक आलोक कुमार भार्गव ने बताया कि जेल में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक परिवार कैंपस में ही रहते हैं जिनके छोटे-छोटे बच्चों के लिए इस प्रकार के जिम की शुरुआत शासन स्तर से की गई है। यह निश्चित रूप से सकारात्मक पहल है इसका लाभ जेल के स्टॉफ को मिलेगा।

### कुएं में गिरी गाय को जेसीबी से सुरक्षित बाहर निकाला

**गंजबासौदा।** शहर की लव कुश कॉलोनी में शुक्रवार दोपहर एक गाय पुराने कुएं में गिर गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और प्रशासन मौके पर पहुंचे। लगभग दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद गाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गाय के कुएं में गिरते ही आसपास के लोगों ने तुरंत रस्सियों की मदद से उसे निकालने की कोशिश की। लेकिन कुएं में कीचड़ और गंदा पानी भरा होने के कारण शुरुआती प्रयास सफल नहीं हो सके। इसके बाद डायल 112 को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची और अधिकारियों को जानकारी दी। प्रशासन ने तुरंत जेसीबी मशीन भेजी, जिसके जरिए बचाव अभियान शुरू किया गया। जेसीबी और रस्सियों की मदद से करीब दो घंटे की मेहनत के बाद गाय को कुएं से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि कॉलोनी का यह कुआं काफी पुराना है और इसमें गंदगी भरी रहती है। लोगों ने प्रशासन से कुएं के चारों ओर फेंसिंग लगाने की मांग की है।

## कल पीएम मोदी से दीक्षा साझा करेंगी अपने विचार


# मेरा भारत बजट अभियान 2026 में सिरोंज की बेटी दीक्षा को सफलता

### जैन समाज में खुशी की लहर आईजा व जैन समाज करेगा सिरोंज की बेटी का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज की बेटी दीक्षा जैन 12 अप्रैल को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करेंगी। वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करने को लेकर अति प्रशन्न है वह अपने मन में कई प्रश्न लेकर बैठी है जो कि वह प्रधानमंत्री से करेगी। जैसे ही यह समाचार सिरोंजवासियो को मिला तो शहरवासियो व जैन समाज में खुशी की लहर देखी जा रहा है। उल्लेखनीय है कि नगर के वरिष्ठ समाजसेवी डॉण मनीष जैन की पुत्री दीक्षा जैन ने मेरा भारत बजट अभियान 2026 की प्रतियोगिता में शामिल होकर यह मुकाम हासिल किया है। इस खुशी के पल में सिरोंज जैन समाज के मंत्री सुनील जैन नगरएआईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानीए आईजा संभाग अध्यक्ष सौरभ जैन गुलाबगंजएप्रदेश सचिव डॉ राजीव जैन ने घोषणा करते हुए कहा कि यह बडें गर्व की बात है कि जैन समाज की बेटी दीक्षा जैन ने एक बडे स्तर पर प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर सफलता प्राप्त की है। साथ ही सिरोंज की बेटी को देश के प्रधानमंत्री से बात करने का मौका मिल रहा है। जिससे पूरा जैन समाज गौरंवित है। इस मौके पर जैन समाज व आईजा संयुक्त रूप से बिटिया दीक्षा जैन का सम्मान करेगी।

दीक्षा जैन राष्ट्रीय मंच पर साझा करेंगी अपने विचार . सिरोंज जैसे छोटे शहर में रहने वाली दीक्षा जैन विदिशा के एसएटीआई कॉलेज से बी.टेक एआईएमएल प्रथम वर्ष की छात्रा है इसी के साथ कुण दीक्षा जैन ने मेरा



भारत बजट अभियान 2026 में पार्टीसिपेट किया और उसमें सफलता प्राप्त की और दूसरे राउंड निबंध प्रतियोगिता में सिलेस्ट हुई है जिसमे निकलने पर स्टेट लेबल के लिए सिलेक्शन हुआ है। मेरा भारत बजट अभियान 2026 में देश के चुनिंदा प्रतिभागियों में चयन हुआ है। यह उनके लिए और पूरे समाज के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। दीक्षा जैन को इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर के वर्चुअल संवाद में भाग लेने का मौका मिला हैए जहां वे अपने विचारों और दृष्टिकोणों को राष्ट्रीय मंच पर साझा करेंगी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ यह संवाद उनके लिए एक अनमोल अनुभव होगा। देश भर के 12 लाख से अधिक प्रतिभागियों में दीक्षा जैन का चयनित होना असाधारण प्रतिभा गहरी समझ और प्रतियोगिता में पिछले चरणों में आपके उत्कृष्ट योग्यता का प्रमाण है। दीक्षा चयन उन उभरते युवाओं के विशिष्ट प्रतिभागियों में हुआ है जो उच्च स्तरीय संवाद में भाग लेने अपने विचार एवं दृष्टिकोणो को राष्ट्रीय स्तर पर साझा करने का अनूठा और विशिष्ट अवसर प्राप्त हुआ है। वही समाजजनो ने उम्मीद की है कि दीक्षा जैन इस अवसर का भरपूर लाभ उठाएंगी और सिरोंज और समाज का नाम रोशन करेंगी।

### हरिभूमि से चर्चा में दीक्षा जैन से बताए अपने विचार
### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इन विचारों को लेकर दीक्षा जैन करेंगी बात

1 क्या भारत का भविष्य डिजिटल टेक्नोलॉजी और नवाचार पर निर्भर है। महात्मा गांधी ने कहा था श्भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज क्या करते हैं। तो क्या हम आज ऐसे निर्णय ले रहे हैंए जो भारत को डिजिटल और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था में अग्रणी बना सकें।

2 क्या भारत के छात्रों को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए पर्याप्त एआई लैब्स और जीपीयू इंफ्रास्ट्रक्चर मिल रहा है। जब सरकार ने इंडिया एआई मिशन के तहत ₹2000 करोड़ का बजट निर्धारित किया हैए तो क्या इसका सही और प्रभावी उपयोग हो रहा है।

3 क्या सेमीकंडक्टर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन पाया है। जब सेमीकंडक्टर मिशन इंडिया के लिए ₹1॰25 लाख करोड़ की घोषणा की गई हैए तो फिर भी भारत को इतने बड़े स्तर पर सेमीकंडक्टर आयात क्यों करने पड़ रहे हैं।

4 क्या डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ देश के हर नागरिक तक पहुँच पा रहा है जब डिजिटल सेक्टर भारत के जीडीपी में 11 से 12 प्रतिशत योगदान दे रहा हैए तो फिर ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अभी भी मोबाइल और डिजिटल डिवाइस खरीदने में असमर्थ क्यों हैं।

5 क्या यह उचित है कि गांवों के बच्चे आज भी ऑनलाइन शिक्षा के अवसरों से वंचित रहें।

6 क्या डिजिटल असमानता हमारे देश के भविष्य को प्रभावित नहीं कर रही। क्या सरकार को अब केवल बजट घोषित करने के बजाय उसके जमीनी स्तर पर सही क्रियान्वयन पर अधिक ध्यान नहीं देना चाहिए।

7 क्या समय आ गया है कि डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाकर हर गांव तक सस्ती और सुलभ तकनीक पहुँचाई जाए।

8 अंतत :ए सवाल यह है क्या हम आज ऐसे कदम उठा रहे हैंए जो भारत को भविष्य की डिजिटल और नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था में विश्व का नेतृत्व दिला सकें।

### आप की पदयात्रा के दौरान...
## सांसद संजय सिंह से मुलाकात में संगठन विस्तार पर हुई चर्चा



**सिरोंज।** यूपी में आम आदमी पार्टी द्वारा निकाली जा रही रोजगार दो.सामाजिक न्याय दो पदयात्रा के दौरान राज्यसभा सांसद संजय सिंह से विदिशा जिले के जिला सचिव रजत सक्सेना ने मुलाकात की। इस दौरान रजत सक्सेना ने अपने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा और संगठन को मजबूत करने तथा विस्तार को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। बैठक में आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। संजय सिंह ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करनेए युवाओं को जोड़ने और जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। वही रजत सक्सेना ने कहा कि इस मुलाकात से उन्हें पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए नई ऊर्जा और दिशा मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र में पार्टी की नीतियों को जन.जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। यह मुलाकात संगठन के विस्तार और आगामी चुनावों की तैयारी के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।



## अंतिम समय में भी जीते जी धर्म करते हुए किया नेत्रदान

**सिरोंज।** नगर के जैन समाज का प्रतिष्ठित परिवार सवाई सिंघई व समाजसेवी देवेंद्र जैन की धर्मपत्नी श्रीमती किरण जैन ने अपने अंतिम समय में भी जीते जी धर्म करते हुए विदा हुई और जाते समय भी नेत्रदान कर दो जिंदगी में रोशनी भर गई। मानवता की मिसाल पेश करते हुए एसबीआई के पूर्व मैनेजर देवेन्द्र जैन की धर्मपत्नी किरण जैन ने नेत्रदान किया।

### जिला स्तरीय हज प्रशिक्षण संपन्न
## पांचवी सीढ़ी पर कदम रखने से पहले पहली दूसरी तीसरी सीढ़ी सही होना चाहिएः काज़ी मुश्ताक साहब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

जिला स्तरीय हाजी साहिबान के लिए तरबियत कैंप ;प्रशिक्षणद्ध भोपाल के शहर काजी हाजी मुस्ताक साहब नदवी के द्वारा तलैया स्थित नन्ही भी वाली मस्जिद में दिया गया।

वहीं उन्होंने जिले से जाने वाले हाजियों को प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी गई और बताया कि हज से जाने से पहले अगर किसी से आपकी नाराजगी चल रही है तो उसे पहले आप नाराजगी दूर कर ले। उन्होंने एक वाक्या सुनाते है बताया की आपने अगर किसी का पैसा लिया है उसको वापस लौटआओ नहीं लौटाया तो उससे उसकी माफी मांगो



अगर वह माफ करता है तो आपका हज कबूल होगा। ऐसे अगर किसी के पैसे नहीं दिए 10 हज भी कर लो कबूल नहीं होंगे। उन्होंने हुकूक उल्लाह के बारे में विस्तार से बताया और कहा की नमाज रोजा हज जकात सदका के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सलाम की फजीलत के बारे में भी जानकारी दी गई। हज कैसे करना है उसके जितने हुकूक होते हैं उसको विस्तार से हाजी साहिबान को बताया गया। यह जिला स्तरीय विदिशा तरबियाती कैंप प्रशिक्षण सुबह 10:00 बजे से शाम 6 बजे तक चला रहा। वही दुआ के बाद शहर काजी सैयद मुश्ताक अली साहब भोपाल द्वारा मक्का मदीने की रुबाते तक्सीम की गई इस दौरान मुख्य रूप से डाक्टर समदएइकबाल मास्टरएहबीब अंसारीएअलीम उल्लाह बैगएपूर्व जिला अध्यक्ष हज कमेटी निजाम मंसूरीएपूर्व जिला अध्यक्ष हज कमेटी अब्दुल सत्तार मंसूरीए एडवोकेट शोएब खानएडॉ रशीद खानएमुमताज खानएअब्दुल वहाबएजुनैद हाजीएअब्दुल सुभान मंसूरीएमौलवी असगर साहब मलानिया वाले मौलवी आरिफ साहब मलानिया वाले मौलवी उमेरे साहब मौलवी हाशिम साहब दानिश भाई डॉक्टर सैयद अरस अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

### भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर प्रतिमा का अनावरण आज

**सागर।** भारतरत्न कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह सागर के अटल पार्क, तिली रोड पर 11 अप्रैल शनिवार को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, दिल्ली रामबहादुर राय, जलशक्ति मंत्री डॉ. राजभूषण चौधरी, खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह, विधायक शैलेन्द्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया एवं महापौर संगीता तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होगें।

### जिला स्तरीय हितग्राही सम्मेलन 13 को

**सागर।** मध्य प्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय समारोहपूर्वक हितग्राही सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सागर के मोतीनगर चौराहा स्थित महाकवि पद्माकर सभागार में 13 अप्रैल सोमवार को प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। उक्त कार्यक्रम के आयोजन हेतु नोडल अधिकारी के रूप में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के.वी को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं।

## राजीव आवास योजना से शालू राजपूत को मिला घर



**विदिशा।** शालू राजपूत को राजीव आवास योजना के अंतर्गत उनके स्वयं के घर की सुपुर्दगी की गई। पर विधायक मुकेश टंडन ने शालू को घर का प्रमाण पत्र सौंपा।
लगभग 9 साल पहले पिता स्वर्गीय जसवंत सिंह राजपूत के असामयिक निधन के बाद शालू अनाथ हो गई थीं। दादा-दादी के निधन के बाद समाजसेवी उदयपाल सिंह चंदेल ने उन्हें गोद लेकर संरक्षण दिया। उस समय नगर पालिका अध्यक्ष रहते हुए विधायक मुकेश टंडन ने शालू की स्थिति जानकर राजीव आवास योजना में आवास स्वीकृत कराया तथा व्यक्तिगत संसाधनों से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। आज शालू को घर सौंपते हुए उन्होंने कहा कि सेवा और संवेदनशीलता से जीवन बदला जा सकता है। कार्यक्रम में दिनेश कुशवाह, अखिलेश राजपूत सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### अभियानः विधायक मुकेश टंडन ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं, मौके पर कई का किया निराकरण
#### अटारीखेजड़ा में ग्राम पंचायत आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अटारीखेजड़ा में शुक्रवार को ग्राम पंचायत के सामुदायिक भवन में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।

कार्यक्रम 'संकल्प से समाधान' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। जनसुनवाई में नल-जल योजना, सड़क, नाली निर्माण, बिजली बिल तथा कर्मचारियों की लापरवाही से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। विधायक ने कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया, जबकि अन्य प्रकरण संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश देकर सौंपे गए।

अनुविभागीय अधिकारी शशि मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्र जैन, तहसीलदार पलक पीडीहा एवं लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ प्रताप ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति में समस्याओं के त्वरित समाधान का प्रयास किया गया।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य जिले में 10 अप्रैल से शुरू हो गया है। उपार्जन केंद्रों का शुभारंभ जन प्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ प्रारंभ हुआ।

स्वास्तिक वेयरहाउस गमाकर बासौदा में उपार्जन केंद्र गमाकर का उद्घाटन बासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया। इसी तरह महर्षि दयानंद वेयरहाउस करैया हाट में गेहूं उपार्जन केंद्र का उद्घाटन शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना द्वारा, कृष्णा वेयरहाउस गुरारिया में उपार्जन केंद्र खमतला का उद्घाटन जनपद उपाध्यक्ष विदिशा माखन सिंह यादव द्वारा, न्यू राधा माधव वेयरहाउस खामखेड़ा में कामखेड़ा उपार्जन केंद्र का उद्घाटन जनपद सदस्य आनंद सिंह बघेल, करेला में सिक्योर वेयरहाउस में उपार्जन केंद्र करेला का उद्घाटन जिला जिला वनोपज सहकारी यूनियन के अध्यक्ष कोमल प्रसाद मीणा द्वारा किया गया। इसके अतिरिक्त जिले में अन्य गेहूं उपार्जन केंद्रों का



उद्घाटन स्थानीय जन प्रतिनिधियों द्वारा किया गया।

### ग्यारसपुर में खुला गेहूं उपार्जन केंद्र

**ग्यारसपुर।** क्षेत्र के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। गंजबासोदा-ग्यारसपुर क्षेत्र के विधायक हरि सिंह रघुवंशी की अनुशंसा पर ग्यारसपुर मुख्यालय पर गेहूं उपार्जन केंद्र का शुभारंभ किया जा रहा है। लंबे समय से किसान मुख्यालय स्तर पर केंद्र खोलने की मांग कर रहे थे, जो अब पूरी हो गई है। पूर्व में शासन द्वारा ग्यारसपुर तहसील में केवल दो उपार्जन केंद्र स्वीकृत किए गए थे, लेकिन विधायक की पहल से अधिकतम सहकारी समितियों में भी केंद्र स्थापित किए गए। अब मुख्यालय पर केंद्र खुलने से किसानों को दूर-दराज क्षेत्रों में तुलाई के लिए नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही गेहूं की बिक्री और तुलाई होने से किसानों का समय और परिवहन खर्च दोनों बचेंगे। इस निर्णय से क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों ने विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### आंगनबाड़ी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**ग्यारसपुर।** अटारीखेजड़ा स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर दुर्गेश जादौन ने बच्चों एवं महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यकर्ता ने माताओं को बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्वों के बारे में विस्तार से बताया। अनाज और खाद्य पदार्थों के उपयोग पर जोर दिया गया।

### कोतवाली क्षेत्र में बाइक स्टंट व मॉडिफाइड साइलेंसर पर कार्रवाई, 5000 का चालान

**विदिशा।** जिले में कानून व्यवस्था और यातायात नियमों के पालन को लेकर पुलिस द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। थाना कोतवाली क्षेत्र में रात्रि के समय दो युवकों द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल पर खतरनाक स्टंट करने और मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आनंद राज के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई की गई। जांच में मॉडिफाइड साइलेंसर सहित यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 5 हजार रुपए का चालान किया गया। पूछताछ में युवकों ने गलती स्वीकार की, जिस पर पुलिस ने सख्त समझाइश देते हुए भविष्य में ऐसी हरकत न करने की चेतावनी दी।

### भाजपा का दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग

**विदिशा।** भाजपा के गुलाबगंज मंडल द्वारा 9 एवं 10 अप्रैल को दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छह सत्रों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती और सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ताओं में विधायक मुकेश टंडन, जिला महामंत्री बलवीर रघुवंशी, तोरण सिंह दांगी सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल रहे। विधायक टंडन ने केंद्र व मध्य प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### अग्रवाल इंटरनेशनल स्कूल में रक्तदान शिविर

**विदिशा।** अहमदपुर स्थित अग्रवाल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में छात्र-अभिभावक बैठक के दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विदिशा हाईटेक ब्लड सेंटर की टीम के सहयोग से विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के डायरेक्टर अभिषेक सिंह जादौन ने स्वयं रक्तदान कर की, जबकि प्राचार्य प्रगति रघुवंशी ने भी रक्तदान कर प्रेरणादायी संदेश दिया। शिविर में शिक्षक-शिक्षिकाओं, स्टाफ और अभिभावकों ने भाग लिया। डायरेक्टर अभिषेक सिंह जादौन एवं अन्वी सिंह जादौन ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। इस पहल को स्थानीय लोगों ने सराहनीय बताया।



### शमशाबाद में समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू

**शमशाबाद।** तहसील क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य शुभारंभ के साथ शुरू हो गया। खरीदी केंद्रों पर विधिवत पूजा-अर्चना कर किसानों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।सुबह से ही किसान स्लॉट बुक कर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में गेहूं लेकर खरीदी केंद्रों पर पहुंचने लगे। प्रमुख केंद्रों पर अच्छी मात्रा में खरीदी दर्ज की गई। भगवानपुर भूतड़ा वेयरहाउस पर लगभग 1000 क्विंटल गेहूं खरीदा गया, जबकि सांवरिया वेयरहाउस, बिछिया में 600 क्विंटल और न्यू कान्हा वेयरहाउस पर 400 क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई।तहसील क्षेत्र के कुल 14 खरीदी केंद्रों में से 9 केंद्रों पर ही आज खरीदी शुरू हो सकी। शेष 5 केंद्रों पर तकनीकी समस्याओं एवं स्लॉट बुकिंग न होने के कारण खरीदी प्रारंभ नहीं हो पाई। अधिकारियों के अनुसार इन केंद्रों पर सोमवार से खरीदी शुरू होने की संभावना है।

### गर्मी में बेजुबानों के लिए जलसेवा के लिए हर साल कर रहे सेवा कार्य
# 14 वर्ष से मवेशियों के लिए रखवा रहे टंकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

शहर में पड़ रही भीषण गर्मी जहां इंसानों के लिए चुनौती बन गई है, वहीं बेजुबान पशु-पक्षियों की स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। ऐसे समय में शहर के कुछ जागरूक युवाओं ने मानवता की अनूठी मिसाल पेश की है।

पिछले 14 वर्षों से ये युवा अपने साथियों के साथ मिलकर गर्मी के मौसम में गायों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। जब तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच जाता है और प्राकृतिक जल स्रोत सूखने लगते हैं, तब ये युवा शहर के विभिन्न इलाकों में सीमेंट की टंकियां रखवाकर उनमें नियमित रूप से पानी भरवाते हैं। इन टंकियों के माध्यम से सैकड़ों गायों को प्रतिदिन राहत मिल रही है। खास बात यह है कि इस सेवा कार्य के लिए न तो कोई सरकारी सहायता ली जाती है और न ही किसी प्रकार का प्रचार-प्रसार किया जाता है।

#### हर साल बढ़ता दायरा

शुरुआत में यह पहल कुछ चुनिंदा स्थानों तक सीमित थी, लेकिन समय के साथ इसका विस्तार शहर के कई हिस्सों तक हो गया है। हर वर्ष नई टंकियां स्थापित की जाती हैं और उनकी नियमित देखरेख की जाती है।

इस मुहिम से प्रेरित होकर अब शहर के अन्य लोग भी सहयोग के लिए आगे आने लगे हैं। इस सेवा कार्य से जुड़े वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा बैस नगर मंडल अध्यक्ष व पूर्व पार्षद दिनेश कुशवाह का कहना है कि गर्मी में इंसानों के लिए तो पानी की व्यवस्था हो जाती है, लेकिन बेजुबान पशु



अक्सर प्यासे रह जाते हैं। उनका छोटा सा प्रयास इनकी प्यास बुझाने के लिए है। निस्वार्थ भाव से निरंतर चल रही यह पहल साबित करती है कि संवेदनशील सोच और दृढ़ संकल्प से छोटा प्रयास भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है।

### उपार्जन केंद्र की मांग किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**ग्यारसपुर।** शुक्रवार को किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर एसडीएम शशि मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने उपार्जन व्यवस्था में सुधार करते हुए ग्यारसपुर मुख्यालय एवं अम्बर क्षेत्र में गेहूं, चना और मसूर की तुलाई के लिए उपार्जन केंद्र स्थापित करने की मांग की। उनका कहना है कि वर्तमान में क्षेत्र इन केंद्रों से वंचित है, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अरविंद सिंह राजपूत, अटारीखेजड़ा ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र रघुवंशी, जनपद उपाध्यक्ष प्रीति शंकरदयाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि मांगें पूरी न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आकाश वाल्मिकी पुत्र गंगाराम वाल्मिकी निवासी मोहनगिरी रोड विदिशा म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक प्लाट वार्ड नंबर 07 मोहल्ला नकतला रातपूत कालोनी के पास विदिशा जो सर्वे नंबर 1835/1 रकवा 0.178 हैं. में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 550 वर्ग फीट यथा 51.10 वर्ग मीटर है जिसकी चर्तुसीमाये पूर्व में मकान विनय साहू, पश्चिम में खुला प्लाट, उत्तर में रोड दक्षिण में बाउन्ड्री वाल है उक्त प्लाट आकाश वाल्मिकी पुत्र गंगाराम वाल्मिकी ने विक्रय पत्र क्रमांक MP452732018A1757491 दिनांक 16.11.2018 एवं विक्रय पत्र क्रमांक MP452732018A1757511 दिनांक 16.11.2018 के द्वारा मंगल सिंह खटीक पुत्र भगवानदास व अरविंद कुमार पुत्र श्यामलाल खटीक से क्रय किया था एवं मंगल सिंह खटीक पुत्र भगवानदास व अरविंद कुमार पुत्र श्यामलाल खटीक ने उक्त प्लाट विकय पत्र क्रमांक 1078 ग्रंथ क्रमांक 6229 दिनांक 29. 09.2012 के द्वारा रामकली बाई पत्नि स्व. तुलसीराम पंथी सहमतिकर्ता करन सिंह, बेनीप्रसाद, ब्रजेश पुत्रगण स्व. तुलसीराम पंथी निवासी मोहनगिरी विदिशा से क्रय किया था। उक्त मूल विक्रय पत्र जिसका दस्तावेज क्रमांक 1078 ग्रंथ क्रमांक 6229 दिनांक 29.09.2012 कही गुम हो गया है जिसकी सूचना आकाश वाल्मिकी पुत्र गंगाराम वाल्मिकी ने थाना कोतवाली विदिशा में लिखित रूप से दिनांक 08.04.2026 को कर दी हैं एवं अब आकाश वाल्मिकी पुत्र गंगाराम वाल्मिकी ने उक्त प्लाट को विक्रय करने का अनुबंध श्रीमति रेखा बाई पत्नि श्री राकेश त्यागी निवासी ग्राम पगरानी तह. सिरोंज जिला विदिशा से किया है व श्रीमति रेखा बाई पत्नि श्री राकेश त्यागी के द्वारा उपरोक्त वर्णित प्लाट मकान को JM Financial Home Loans Limited शाखा विदिशा में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रही है। अतः इस सार्वजनिक सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि, उक्त संपत्ति को विक्रय किये जाने में एवं बंधक किये जाने में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक आदि को किसी प्रकार की स्वामित्व विषयक, देयता विषयक, बंधक विषयक, अधिकार विषयक आपत्ति हो अथवा अन्य कोई कर्ज हो तो वह इस प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर कायालीन समय में मेरे कार्यालय में आपनी आपत्ति लेखी प्रस्तुत करे। उक्त अवधि के पश्चात् अनुबंधग्रहीता के पक्ष में विक्रयपत्र संपादित करा दिया जावेगा एवं उक्त संपत्ति को JM Financial Home Loans Limited शाखा विदिशा बंधक करने के लिये अग्रसर हो जायेगी एवं ऐसी दशा में किसी की, किसी भी प्रकार की आपत्ति या अधिकार मान्य नही होगा सूचित हो।

भवदीय नीरज जैन एडवोकेट
आउट ऑफ खरी फाटक, वार्ड नं 30, नियर पीतल मील चौराहा, विदिशा मो.नं. 9827543733

## राष्ट्रीय कृषि महोत्सव का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह बोले-

### खेती को फायदे का कारोबार बनाकर रहेंगे : शिवराज सिंह

### 300 स्टॉल में 'बीज से बाजार' तक होगा समाधान

# कृषि महोत्सव से 'रायसेन' को मिलेगी राष्ट्रीय स्तर की पहचान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शुक्रवार को दशहरा मैदान में होने वाले राष्ट्रीय कृषि मेले का शुभारंभ करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री और क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि अब समय आ गया है जब किसान केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि मुनाफे पर भी ध्यान दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है और उन्नत तकनीकों के जरिए खेती को फायदे का कारोबार बनाकर ही दम लिया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन से रायसेन को नई पहचान मिलेगी। देशभर से किसान, कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ और कृषि नवाचार से जुड़े संस्थान मेले में शामिल हो रहे हैं। यह आयोजन किसानों के लिए एक ऐसा मंच बनेगा, जहां उन्हें "बीज से बाजार तक" खेती से जुड़ी हर जरूरत का समाधान एक ही स्थान पर मिलेगा।

प्रेस कॉन्फ्रेंस और उद्घाटन कार्यक्रम में नर्मदापुरम सांसद रंजीत चौधरी, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, पूर्व कैबिनेट मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, डॉ. प्रभुराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि जमना सेन, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बबलू मीणा और बुदनी विधायक रमाकांत भार्गव सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

### रायसेन के चावल को "रायसेन बासमती" के रूप में दिलाएंगे पहचान

महोत्सव का शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया और रायसेन जिले के उदयपुरा क्षेत्र में उत्पादित रेवा बासमती चावल की गुणवत्ता की सराहना करते हुए इसे "रायसेन बासमती" के रूप में पहचान दिलाने की बात कही। यह क्षेत्र उच्च गुणवत्ता वाले चावल उत्पादन के लिए तेजी से पहचान बना रहा है। शिवराज सिंह ने बासमती राइस को देखा और इसका नाम रायसेन बासमती रखने की बात भी कही।

### राजनाथ सिंह, मोहन यादव और नितिन गडकरी करेंगे कृषि महोत्सव में शिरकत

**तीन दिन, 300 स्टॉल, पूरी वैल्यू चेन का प्रदर्शन**

महोत्सव में आज 11 अप्रैल को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी भी शामिल होंगे। तीनों नेता प्रदर्शनी में लगे स्टॉलों का निरीक्षण करेंगे और किसानों व कृषि वैज्ञानिकों से संवाद कर उन्हें उन्नत और आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। महोत्सव न केवल किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने का अवसर देगा। बल्कि उनकी आय बढ़ाने और खेती को आधुनिक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

11 से 13 अप्रैल तक चलने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव में करीब 300 स्टॉल लगाए गए हैं। इनमें खेती की पूरी वैल्यू चेन बीज, उर्वरक, कीटनाशक, कृषि मशीनरी, फसल प्रसंस्करण और विपणन से जुड़े समाधान प्रदर्शित किए जा रहे हैं। प्रदर्शनी में कृषि विज्ञान केंद्र, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, नाफेड, एफपीओ, स्टार्टअप्स और विभिन्न सरकारी विभागों की सक्रिय भागीदारी है। इससे किसानों को नवीनतम तकनीकों और योजनाओं की जानकारी सीधे मिल रही है।

#### प्रदर्शनी का निरीक्षण कर कृषि के अफसरों से की गई चर्चा

प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न स्टॉलों और डेमोंस्ट्रेशन क्षेत्रों में आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ड्रोन तकनीक, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली, उन्नत बीज और आधुनिक मशीनों के प्रयोग से खेती को अधिक उत्पादक और लाभकारी बनाया जा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से वैकल्पिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि शीप (मोती उत्पादन) जैसी उन्नत तकनीकों से भी किसान अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। विशेषज्ञों द्वारा किसानों को इस संबंध में प्रशिक्षण और जानकारी दी जा रही है, जिससे वे नई दिशा में कदम बढ़ा सकें।

#### मेले की सुरक्षा में तैनात है 7500 पुलिस के जवान

तीन दिवसीय राष्ट्रीय कृषि महोत्सव में किसानों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। शहर और आसपास के क्षेत्रों में करीब 7500 पुलिस जवान तैनात किए गए हैं, ताकि आयोजन के दौरान व्यवस्था पूरी तरह सुचारू बनी रहे।

#### तीन बड़े हैंगर में सजकर तैयार हुआ दशहरा मैदान

आयोजन स्थल दशहरा मैदान को तीन बड़े हैंगरों में व्यवस्थित किया गया है। पहले हैंगर में कृषि मशीनरी, सिंचाई उपकरण, बीज और नवाचार से जुड़े स्टॉल लगाए गए हैं। दूसरे हैंगर में पशुपालन, डेयरी और सहकारी संस्थाओं की प्रदर्शनी है, जबकि तीसरे हैंगर में उद्घाटन समारोह, तकनीकी सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महोत्सव की खास बात यह है कि यहां किसानों को वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और नीति-निर्माताओं से सीधे संवाद का अवसर मिलेगा। इससे उन्हें समस्याओं के त्वरित व व्यवहारिक समाधान मिल रहे हैं।

#### किसान सीखेंगे कि उन्नत खेती में नवाचार कैसे आए

देशभर से किसान इस कृषि महोत्सव में शामिल होने रायसेन पहुंच रहे हैं। किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए कड़े इंतजाम किए हैं। जिले में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव किसानों के लिए नई तकनीकों और आधुनिक खेती की दिशा में बड़ा मंच बनकर उभर रहा है। देशभर से किसान इस महोत्सव में शामिल होने रायसेन पहुंच रहे हैं, जहां उन्हें उन्नत खेती के गुर सिखाए जा रहे हैं।"वन-स्टॉप प्लेटफॉर्म" बताते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यहां किसान आधुनिक खेती के तौर-तरीकों को समझकर अपनी आय बढ़ाने की दिशा में कदम उठा सकते हैं।

### शव थाने में रखकर परिजनों ने दर्ज कराई आरोपियों पर एफआईआर

## पुरानी रंजिश को लेकर हुए झगड़े में एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राजपूत समाज बहुल्य ग्राम टिप्पा सेमरी में बीती रात दो पक्षों के बीच विवाद और हुए झगड़े में कुछ लोग घायल हो गए। बरेली से भोपाल रेफर हुए गंभीर हालत में युवक छत्रपाल राजपूत निवासी ग्राम सेमरी टप्पा की मृत्यु हो गई वहीं एक ओर की हालत गंभीर बनी हुई है।

राजपूत समाज के दो पक्षों के बीच रात में झगड़ा हुआ। युवक की मृत्यु के बाद शुक्रवार को उसकी लाश बरेली आई। परिजन लाश को थाना प्रांगण में एंबुलेंस वाहन में रखकर दूसरे पक्ष पर प्रभावी कार्यवाही और गिरफ्तारी करने घटना में लोगों के नाम बढ़ाने जैसी मांग करते रहे। समाचार लिखे भेजें जाने तक पुलिस द्वारा एफआईआर लिखने की कार्यवाही की जा रही थी। पुरनी रंजिश, खेत में पाइप जलने को लेकर हुए विवाद झगड़े में एक युवक की मृत्यु होने की घटना से ग्राम टिप्पा सेमरी में भय, तनाव का माहौल बना हुआ है।

### कलेक्टर ने किया गेहूं खरीदी केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण दिए दिशा निर्देश

**सलामतपुर।** शुक्रवार को रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने सलामतपुर और बेरखेड़ी चौराहे के समर्थन मूल्य गेंहू खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर सबसे पहले सलामतपुर स्तिथ कृषक सेवा सहकारी समिति सांची के समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र एसजीएच वेयरहाउस पहुंचे उसके बाद सलामतपुर संस्था के खरीदी केंद्र सीमा वेयरहाउस बेरखेड़ी चौराहे का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने खरीदी केंद्रों पर अधिकारियों से उपार्जन संबंधी जानकारी ली।

## कृषि महोत्सव की आड़ में जनता के बजट की जा रही बर्बादी: गुफरान अंसारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

युवा कांग्रेस द्वारा देशभर में चलाए जा रहे संविधान लीडरशिप प्रोग्राम के अंतर्गत शुक्रवार को युवक कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह सोलंकी व शुभम ठाकुर की उपस्थिति में प्रेसवार्ता का आयोजन किया। राष्ट्रीय प्रवक्ता गुफरान अंसारी ने रायसेन में प्रेस वार्ता को सम्बोधित किया।

यह कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब एवं राष्ट्रीय प्रभारी मनीष शर्मा के निर्देश पर, नेता विपक्ष एवं संविधान के सशक्त पक्षधर राहुल गांधी के विचारों से प्रेरित होकर संचालित किया जा रहा है।

प्रवक्ता गुफरान अंसारी ने कहा कि दशहरे मैदान में आयोजित राष्ट्रीय कृषि महोत्सव में किसानों का भला होने वाला नहीं है। क्योंकि देश के प्रधानमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री हमेशा झूठ बोलते हैं।

प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित पत्रकारों के साथ कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं आगामी गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## घोघरा नदी में चला सफाई स्वच्छता कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

न.प. द्वारा जल गंगा सम्बर्धन अभियान नगर की शान हनुमान गढ़ी मंदिर के पास बंद होने के बाद घोघरा नदी सूख गई और सिर्फ रेत ही रेत दिखलाई दे रही है। शुक्रवार को नदी संरक्षण सफाई अभियान में जुटे एसडीएम संतोष मुदगल न.प. के अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, सीएमओ हरिशंकर वर्मा, पार्षद पूरन सिंह धाकड़, हिउस अध्यक्ष दिनेश बवेले, सहित भारी संख्या में लोगों की सक्रियता बनी रही। 2-3 दशक पूर्व तक घोघरा नदी में भरपूर पानी रहा करता था। पिछले वर्ष में गगनवाड़ा चैनपुर रोड पर बने ऊंचे पुल से घोघरा नदी की धार दिशा ही बदल गई। नदी जल ग्रहण क्षेत्र में वृक्षों की कटाई, नदी के पानी का खेती और ईंटों के निर्माण में उपयोग होने से नदी की धार टूटने सूखने की स्थिति बन गई है।

## केंद्रों पर तौल-काटों की पूजन के साथ शुरू हुई गेहूं खरीदी कार्य, स्लॉट बुक की आ रही बाधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

10 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद शुरु होने में केन्द्रों पर तौल काटों की पूजन कार्यक्रम हुए। स्लाट बुकिंग, बारदाने और हम्मालों की कमी बाधाओं के कारण गेंहू की तौल प्रभावित बनी रही। एक दिन पूर्व 9 अप्रैल को जिले समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों की अधिकृत सूची जारी हुई।

सूची के अनुसार खरगौन सहित बरली में 24 एवं बाड़ी तहसील में 20 वेयर हउसों को खरीदी केंद्र बनाया है। संख्या पिछले वर्ष से कम है। ऐसी भी चर्चा है कि केंद्र बनाने के साथ केन्द्रों को बदला भी जा सकता है। मर्गधा संस्था और मार्केटिंग सोसायटी के केन्द्रों पर काटा पूजन हुआ।

### बरेली व खरगौन में 24, बाड़ी में बने 20 खरीदी केन्द्र



#### स्व-सहायता समूह करेंगें खरीदी

खरीदी केंद्रों की जारी सूची के अनुसार बरेली तहसील में नर्मदा स्व सहायता समूह ढाबला एवं जनश्रुति स्व सहायता समूह खाद राज एवं बाड़ी में अंबेडकर स्व सहायता समूह मालझिर, गंगा स्व सहायता समूह मनकापुर, लक्ष्मी स्व सहायता समूह मनकापुर, श्रीराम स्वसहायता समूह घुरेला द्वारा समर्थन मूल्य पर इस वर्ष गेंहू की खरीद तौल की जाएगी।

#### तीन संस्थाएं वंचित

इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी की व्यवस्था से सहकारी संस्था बाग पिपरिया, कामतौन और गगनवाड़ा को कार्य नहीं मिला है। वहीं कुछ सहकारी संस्थाओं को दो-दो खरीद केन्द्र भी दिए गए है। स्लाट बुकिंग न होने, कंन्द्रों पर वारदाना न होने के साथ हम्माली की कमी से खरीद के प्रथम दिन अधिकांश केन्द्र वेयर हाउसों पर गेंहू की तौल, खरीद प्रभावित अस्त-व्यस्त बनी रही। शनिवार, रविवार को अवकाश है। सोमवार से भली प्रकार की गेंहू की खरीद तौल शुरु होने की संभावना है।

### बाजार में आते हैं 45 गांवों के लोग

## साढ़े 5 लाख में रातातलाई हाट बाजार हुआ नीलाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सांची जनपद की रातातलाई ग्राम पंचायत के हाट बाजार की शुक्रवार को नीलामी की गई। तहबाजारी की नीलामी के चलते क्षेत्र में लोगों की भीड़ रहीं

पंचायत सरपंच रघुवीर सिंह मीणा, सचिव बृजेश अहिरवार ने जानकारी देते हुए बताया कि हाट बाजार की बोली लगवाकर नीलामी की गई, जिसमें 8 लोग शामिल थे। बोली लगाने की अग्रिम राशि 10 हजार रुपए बोली लगाने वालों से जमा कराए गए थे। नीलामी में सरकारी बोली एक लाख 97 हजार 590 रुपए से शुरू की गई। हाट बाजार के तहबाजारी की अंतिम बोली बढ़नपुर रातातलाई के बसंत मीणा द्वारा 5 लाख 57 हजार रुपए लगाई गई।

## विश्व होम्योपैथी दिवस पर ग्राम सेमरा में नि:शुल्क शिविर का हुआ आयोजन

शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर दी आवश्यक दवाईयां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम सेमरा में विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर शुक्रवार को होम्योपैथी के जनक डॉ. सैम्युअल हैनिमैन की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

ग्राम सेमरा स्थित औषधालय में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। शिविर में होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज साहू ने मरीजों की जांच कर दवाइयां प्रदान कीं।

इस दौरान औषधालय सेवक किशन लाल खरे एवं पीटीएस कमला खरे ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपनी सेवाएं दीं। कार्यक्रम में सेमरा सरपंच पुरुषोत्तम लोधी सहित वरिष्ठ ग्रामीणजन और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। शिविर में आए लोगों ने न केवल निशुल्क उपचार प्राप्त किया, बल्कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के प्रति जागरूकता भी बढ़ी।

## गेहूं की खरीदी शुरू : किसानों को न हो दिक्कत, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

तहसील में शासन द्वारा निर्धारित गेहूं खरीदी केंद्रों पर शुक्रवार से समर्थन मूल्य पर खरीदी कार्य विधिवत शुरू कर दिया है। खरीदी शुरू होते ही प्रशासनिक अधिकारी सक्रिय होकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

एसडीएम सौरभ मिश्रा, तहसीलदार प्रमोद उइके ने गेंहू खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित सोसायटी एवं वेयरहाउस प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों।

एसडीएम ने कहा कि गेहूं की ख़रीदीं शासन द्वारा तय मानकों के अनुसार ही की जाए। गुणवत्ता, तौल व्यवस्था और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि किसानों को सही मूल्य मिल सके।

### जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में तुलाई शुरू, किसानों को सुविधा देने पर जोर

# उपार्जन केंद्रों पर कांटा पूजन के साथ गेहूं खरीदी का प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं खरीदी की प्रक्रिया के तहत नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में बनाए गए उपार्जन केंद्रों पर तुलाई कार्य का शुभारंभ विधिवत रूप से किया। शुक्रवार को कांटा पूजन के साथ तुलाई प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं किसानों की विशेष उपस्थिति रही।

नगर स्थित किरण वीर वेयर हाउस एवं ग्राम जमुनिया स्थित पारसनाथ वेयर हाउस, जिन्हें उपार्जन केंद्र के रूप में चयनित किया गया है, वहां मंत्रोच्चार के बीच कांटा पूजन संपन्न हुआ। पूजन के पश्चात गेहूं की तुलाई कार्य का विधिवत श्रीगणेश किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे और उन्होंने शासन की इस व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

समिति प्रबंधकों ने जानकारी देते हुए बताया कि उपार्जन केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित नियमों और प्रक्रिया के अनुसार ही किसानों की उपज की तौल की जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि तुलाई कराने आने वाले किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके लिए केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं, जिनमें सुचारु तुलाई, समयबद्ध कार्य और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी जा रही है।



कांटा पूजन के दौरान नप अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक रघुवंशी, संजू बनारसी, विवेक नायक, प्रणीत समैया,दे वराज पटेल चीचोली, महेंद्र पटेल वर्धा, सुरेश पटेल डुंगरिया, संदीप शर्मा रामेश्वर जैन सहित अन्य उपस्थित रहे।

## गेहूं खरीदी कार्य शुरू : खरीदी केंद्रों का एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

**गैरतगंज।** क्षेत्र में रबी सीजन 2026 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया है। खरीदी के पहले दिन प्रशासनिक अमला सक्रिय नजर आया। एसडीएम अंकित जैन ने विभिन्न उपार्जन केंद्रों का सघन भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

एसडीएम ने कृषि उपज मंडी, देव ज्योति वेयरहाउस, आदर्श वेयरहाउस, शिव वेयर हाउस, देवनगर आदि का निरीक्षण कर स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों पर आने वाले किसानों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वेयर हाउस प्रबंधन और सोसायटियों को व्यवस्थाएं करने को कहा गया।



#### किसानों की सुविधाओं पर दिया विशेष जोर

एसडीएम ने कहा कि केंद्रों पर ठंडे पानी और बैठने के लिए छायादार स्थान की पर्याप्त व्यवस्था हो। तुलाई कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हो और गुणवत्ता की जांच में पारदर्शिता रखें। बारदाने की उपलब्धता और खरीदी के रिकॉर्ड का तत्काल मिलान किया जाए।